ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की ना हो दिक्कत, आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ली एजेंसी की बैठक, जल विभाग से जुड़े तमाम ठेकेदार रहे मौजूद, सीधे फील्ड से लिया जाएगा फीडबैक

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अपने कक्ष में पेयजल के लिए महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने तमाम एजेंसी जो पेयजल व्यवस्था से जुड़े हुए हैं तथा उन सभी अधिकारियों को जो पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने मैदानी स्तर पर है उनकी बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया। निगमायुक्त ने पेयजल व्यवस्था वार्डों में सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं। प्रत्येक जोन में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी नियुक्त है। इसके साथ ही मरम्मत एवं संधारण कार्य के लिए सीधे फील्डस्तर पर एजेंसी कार्य कर रही है। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पेयजल को लेकर ना हो। पावर पंप , हैंड पंप जैसे आवश्यक संसाधन को दुरुस्त करने के निर्देश उन्होंने दिए। मरम्मत एवं संधारण के लिए हेल्पलाइन नंबर भी निगम ने जारी किया है , किसी भी प्रकार की पेयजल की समस्या के लिए इन नंबरों से संपर्क कर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट ना हो इसके लिए निगम ने 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट को अपडेट किया हुआ है। महापौर नीरज पाल लगातार अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की मानिटरिंग कर रहे हैं और फील्ड पर जाकर कार्यों को देख रहे हैं। ऐसे इलाके जिनमें पानी की समस्या थी उन इलाकों में समस्याओं का समाधान किया गया है। बूस्टर पाइपलाइन एवं इंटरकनेक्शन का कार्य भी ऐसे स्थानों पर किया गया है जहां पानी की समस्या थी। पेयजल के लिए गए बैठक में आयुक्त ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आवश्यक संसाधनों के साथ फील्ड पर अलर्ट रहना जरूरी है। शिकायतों का त्वरित समाधान हो और नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो। बैठक में अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र , कार्यपालन अभियंता टीके रणदिवे, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता , अनिल सिंह एवं आलोक पसीने , एजेंसी से सी बीजू , युवराज सिंह, एमके तिवारी, धनेश्वर वर्मा, राजेश कुमार मौर्य, मनीष वर्मा एवं शंभू सिंह मौजूद रहे।